आएंगी कई टाउनशिप, आइटी और एमएसएमई में भी दिखा दम

जास, लखनऊ: देश के चुनिंदा शहरों की कतार में खड़े लखनऊ में प्रत्येक सेक्टर में हजारों करोड़ के निवेश की योजनाएं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हैं।

लखनऊ में कई नई इंटीग्रेटेड टाउनशिप आ रही हैं और कौशल विकास के क्षेत्र में भी कंपनियां तैयार हैं। एमएसएमई सेक्टर में भी उत्साह है, जिससे रोजगार के हजारों अवसर पैदा होंगे। राजधानी में निवेश की अब तक जो तस्वीर है, उसमें करीब 32 हजार करोड़ के 289 प्रोजेक्ट फाइनल हो चुके हैं और कई करोड़ के पाइप लाइन में हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में कुछ ही दिन शेष हैं इसलिए सभी सेक्टरों में निवेश प्रस्तावों का अंतिम रूप दिया जा रहा है।

लखनऊ में 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन हो रहा है। पिछले साल हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से लखनऊ में दो लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए थे। इनमें हाउसिंग सेक्टर के अलावा, एमएसएमई, कौशल विकास, एनर्जी सेक्टर, पर्यटन, लाजिस्टिक, फार्मास्युटिकल, शिक्षा और कई दूसरे सेक्टर में निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई है। डीएम सूर्यपाल गंगवार का कहना है कि लखनऊ में विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा यहां की सांस्कृतिक और एतिहासिक पहचान भी है। निवेशकों को लखनऊ में कई तरह की सहूलियत दी जा रही हैं। सिंगल विंडो सिस्टम और निवेश मित्र पोर्टल के द्वारा निवेशकों की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में निवेश के प्रस्ताव आए थे जिनमें करीब पचीस प्रतिशत पूरे होने को हैं।

प्रदर्शनी में दिखेगी बढ़ते उप्र की झलक: इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लगने वाली प्रदर्शनी में आगे बढ़ते उत्तर प्रदेश की झलक नजर आएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा देश और दुनिया की कई हस्तियों के सामने प्रदर्शनी एक खास थीम पर आधारित होगी, जिसमें एआइ, डेटा सेंटर, डिफेंस कारिडोर और लाजिस्टिक सहित अब तक उप्र के विकास को दर्शाया जाएगा।

- जीबीसी के लिए अब तक करीब 32 हजार करोड़ की योजनाएं तैयार
- 289 प्रोजेक्ट फाइनल, योजनाओं से खुलेंगे हजारों नौकरियों के द्वार

आइजीपी में तैयारियों का जायजा लेते इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश • प्रशासन

टाप टेन निवेश की योजनाएं

कंपनी	निवेश
टाटा टेक्नोलाजी प्रालि.	4175 करोड़
हमसफर डेवलपर्स प्रालि.	800 करोड़
ओमेक्स लिमिटेड	750 करोड़
एक्सीरियन डेवलपर्स	650 करोड़
यूनीवेस्ट इंटरनेशनल	550 करोड़
रिशिता डेवलपर्स	506 करोड़
एमआइबी होम्स	500 करोड़
बजाज वेफर्स प्रालि.	500 करोड़
एएनएस डेवलपर्स	495 करोड़
आश्रय वेंचर्स	450 करोड़
ओरो इंफ्रा	439 .71 करोड़

तैयारियों में जुटा प्रशासन

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में अब जबकि कुछ दिन बचे हैं तो पूरी प्रशासनिक मशीनरी अलर्ट है। इन्वेस्ट यूपी सीईओ अभिषेक प्रकाश भी सोमवार सुबह आयोजन स्थल पहुंचे और अफसरों के साथ तैयारियों पर चर्चा की। वहीं मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब और डीएम सूर्यपाल गंगवार ने भी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी तैयारियां समय से पहले ही पूरी करें।